210 सीसी सिरप व 47 हजार नशीली टैबलेट बरामद

घर में लाखों की नशीली दवा छिपा कर रखने वाला गिरफ्तार

शहडोल, देशबन्धु। जिले की ब्यौहारी पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 210 सीसी आनरेक्स कफ सिरप एवं 47 हजार से अधिक नशीली टैबलेट सहित कुल पांच लाख से अधिक की नशीली सामग्री बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में ब्यौहारी के ही एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में ब्यौहारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को 1 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संजू गुप्ता उर्फ भइया निवासी वार्ड क्र. 14 राम मन्दिर मोहल्ला ब्यौहारी अपने घर में अवैध नशीली कफ सिरप एवं टैबलेट बिक्री करने के उद्देश्य से रखा है। सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाने के तेज तर्रार निरीक्षक अरुण पाण्डेय ने तत्काल 10 सदस्यीय पुलिस टीम गठित कर दबिश दी।

पुलिस ने संजू गुप्ता के मकान की तलाशी ली तो-संजू गुप्ता मकान के आँगन वाले भाग में बने कमरे के अन्दर से प्रतिबंधित नशीली आनरेक्स कफ सिरप एक बोरी मे भरी हुई मिलीं साथ ही कमरे मे 06 प्लास्टिक के पन्द्रह पन्द्रह लीटर के डिब्बो मे एवं उक्त कमरे के बाहर किनारे मे 02 पन्द्रह-पन्द्रह लीटर के प्लास्टिक के डिब्बो मे पाईवोन स्पास प्लस कैप्सूल, अल्प्राजोलम टैबलेट, नाइट्राजेपाम टैबलेट, अल्प्रेड टैबलेट सहित कई अन्य नशीली दवाई मिली।

बरामद नशीली कफ, टैबलेट एवं कैप्सूल को चेक करने पर एक बोरी में भरी हुई कुल 210 नग नशीली आनरेक्स कफ सिरप एवं 47 हजार 334 नग टैबलेट और कैप्सूल मिली जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार अंतर्राज्यीय बाजार में इस नशीली दवा की कुल कीमत करीबन पांच लाख रूपए से अधिक है। आरोपी संजू उर्फ संजीव ने पुलिस को यह भी बताया कि वह एक अन्य साथी के साथ मिलकर नशे का कारोबार कर रहा था। पुलिस ने आरोपी संजू उर्फ संजीव कुमार गुप्ता के खिलाफ धारा 8, 21, 22, 29 एनडीपीएस. एक्ट और 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के दिशा निर्देशन और ब्यौहारी थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। जिसमें उनि मोहन पडवार, सउनि गया प्रसाद कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक संजय द्विवेदी, अमृत यादव, सुखदेव सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, गंगा सागर गुप्ता, त्रिलोक सिंह, महिला आरक्षक माधुरी साहू और अंजली लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पाली वन परिक्षेत्र के बरम टोला बीट में संदिग्ध हालात में मिला शव, हत्या की आशंका

उमरिया, देशबन्धु। जिले के पाली वन परिक्षेत्र के बरम टोला बीट के घने जंगलों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई।

शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। पाली वन परिक्षेत्र के रेंजर सचिन कांत ने बताया कि शव मिलने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को क्षत-विक्षत हालत में देखने के बाद पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और शव की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

स्थानीय लोगों में दहशत, पुलिस की अपील-इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। जंगलों में पहले भी बाघों की मौजूदगी देखी गई है, जो कई बार मवेशियों का शिकार कर चुके हैं। पुलिस ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

बाघ का हमला या हत्या? पीएम रिपोर्ट करेगी खुलासा-पाली थाना प्रभारी विजय सेन ने बताया कि शव काफी पुराना लग रहा है और उस पर घसीटने के निशान भी हैं। यह निशान बाघ के हमले की ओर इशारा कर सकते हैं, लेकिन शव के अलग-अलग हिस्सों में मिलने के कारण हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस और वन विभाग की टीम मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह हत्या का मामला है या फिर बाघ का हमला।

सार-समाचार

मायके से पत्नी को घर आने में हुई देरी, नाराज पति ने घर में लगा ली फांसी...

शहडोल, देशबन्धु। शहडोल के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वार्ड 15 में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि विजय बहेलिया 48 वर्ष की पत्नी मायके गई थी, वह अपने बच्चों के साथ घर में था। शाम तक पत्नी को घर पहुंचना था, लेकिन वह किन्हीं कराणों से नहीं आई। शाम को विजय फोन से पत्नी बातचीत कर घर नहीं पहुंचने का कारण पूछा तो पत्नी सुबह आने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर वह देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस वक्त घटना घटी उस वक्त बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे, सुबह जब काफी समय तक दरवाजा नहीं खुला, बच्चों ने खिड़की से देखा तो फांसी के फंदे शव लटक रहा था। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल कर रही है।

ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि पति-पत्नी का फोन पर शायद कुछ विवाद हुआ होगा, पत्नी मायके में थी। उसे शाम तक घर लौटना था, लेकिन वह समय पर वापस नहीं लौटी, जिससे पति अपने कमरे में जाकर सो गया और बच्चे दूसरे कमरे में थे। सुबह दरवाजा न खुलने पर बच्चों ने जब खिड़की से झांक कर देखा तो विजय फांसी के फंदे में लटका हुआ था। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का हुआ भव्य स्वागत

उमरिया, देशबन्धु। प्रदेश के उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार का नौरोजाबाद मे भव्य स्वागत किया गया,इस मौके पर लोकप्रिय बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने स्मृति चिन्ह के रूप में माता बिरासिनी की तस्वीर भेंट की।इस अवसर पर मंत्री श्री परमार ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं का स्वागत स्वरूप गुलदस्ता लिया,और ह्रदय से अभिवादन कबूल किया।इस मौके पर बांधवगढ विधायक ने विधानसभा अंतर्गत समस्त शासकीय महाविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों की पदस्थापना तथा आउटसोर्स के द्वारा रिक्त पदों पर प्रोफेसर की नियुक्ति करने हेतु पत्र सौंपा है,और पदों की पूर्ति न होने की वजह से छात्रों के शैक्षणिक गुडवत्ता प्रभावित होने की बात भी कही है,जिस पर मंत्री श्री परमार ने चरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।भाजपा के युवा नेता और मध्य प्रदेश शासन द्वारा बाल कल्याण समिति उमरिया के नव पदाअंकित सदस्य रविशंकर(राजा)तिवारी नें उच्च शिक्षा मंत्री को जिला मुख्यालय शहडोल में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में नवीन महाविद्यालय पंडित शंभू नाथ शुक्ला स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल को पुराना भवन में प्रारंभ किए जाने की पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के घोषणा अनुसार उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय को प्रस्ताव अनुसार त्वरित कार्यवाही का अनुरोध किया गया एवं जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायका मनीषा सिंह का अनुरोध पत्र भी उन्हें सोपा गया।अंत में विधायक शिवनारायण सिंह ने मंत्री श्री परमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर केसरिया अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया और उन्हें मां बिरासिनी देवी की तस्वीर स्मृति भेंट की।इस अवसर पर विधायक बांधवगढ़ के निजी सहायक डॉ एम एन स्वामी ने मंत्री जी को पद्मश्री जोधाईया बाई बैगा द्वारा निर्मित बैगा आर्ट, स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

शिक्षक को घर के सामने रौंदा-विकट गंज में ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

उमरिया, देशबन्धु। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के विकट गंज में सड़क हादसा हुआ है। गिट्टी से लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो शिक्षकों की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अमड़ी हाई स्कूल में कार्यरत 48 वर्षीय शिक्षक पुरुषोत्तम दास बर्मन की मौके पर ही मौत हो गई।उनके साथी शिक्षक 54 वर्षीय धरणेन्द्र मणि रजक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल शिक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों शिक्षक बाइक (स्क्क54 स्क्क8021) से अमड़ी हाई स्कूल से लौट रहे थे। वे अपने घर के सामने रुके थे।

जल व कलश यात्रा के साथ श्री शतचण्डीमहायज्ञ व देवीभागवत कथा का हुआ आगाज

मझौली, देशबन्धु। नगर क्षेत्र मझौली वार्ड क्रमांक 14 में विराजमान जगज्जननी भगवती श्री दुर्गा श्री श्री धुमावल माता के अशेष अनुकंपा से लोगों के सुख -शांति एवं कल्याण के लिए विगत दो वर्ष से देवी मंदिर में तपस्वी जीवन व्यतीत करने वाले त्यागी रमेश चतुर्वेदी जी जो चतुरमासा भी कर चुके हैं के यजमानत्व में क्षेत्र वासियों द्वारा स्वामी श्री आनंदानंदनाथ जी व श्री श्री 108 श्री त्यागी जी महाराज के सानिध्य मे नौ दिवसीय हवनात्मक श्रीशतचण्डीमहायज्ञ एवं श्री सद्गुरूदेव भगवान व श्री आशुतोष जी महाराज जो चतुर्वेदी परिवार व क्षेत्र वासियों के पूज्य गुरु महाराज है के सानिध्य में श्रीमद् देवी भागवत कथा शास्त्र अनुसार विधि- विधान के साथ संपन्न कराई जा रही है।श्रीमद देवी भागवत कथा का प्रासंगिक वर्णन चरित्र चित्रण के साथ पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री जी के मुखारविंदु से संचरित की जावेगी। जिसका आगाज एक मार्च को जल एवं कलश शोभा यात्रा सुशोभित झांकियों से सजे रथ व डीजे गाजे बाजे के साथ निकल किया गया। जो क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मंदिरों में पहुंच देवी देवताओं को आमंत्रित करते हुए जलाशयों से जल संग्रहित किये।

इस कलश यात्रा में क्षेत्र साधु, संत, महात्माओं ,गुरुदेवों के साथ क्षेत्र के श्रेष्ठ नागरिक जनप्रतिनिधि व भारी संख्या में महिला -पुरुष , बालक - बालिकाएं सामिल रहे डीजे के धुनि में जमकर ठुमके लगाए। आज 2 मार्च को विधि विधान के साथ मंडप पूजन एवं देवी पूजनादि संपन्न हुआ।कल 3 मार्च से 9 मार्च तक निरंतर सुबह 8 बजे से पूजन पाठ व श्रीशतचंडीमहायज्ञ तथा शाम 4 बजे से डलती रात्रि तक कथा पाठ संचरित की जावेगी। 9 मार्च को पूर्णाहुत, कुमारी पूजन तथा भंडारा आयोजित किया जाएगा ।आयोजक गणों द्वारा क्षेत्र वासियों से उक्त आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दे सहभागी बन पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

4 को शहडोल में लाइन मैन दिवस का आयोजन

शहडोल, देशबन्धु। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड द्वारा सतत सेवा देने वाले विद्युत लाईन कार्मिकों के सम्मान में 4 मार्च को लाइन मैन दिवस मनाया जाएगा।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कंपनी के शहडोल अधीक्षण यंत्री एस सी चंद्रा ने बताया कि समस्त फ्रंट लाइन टीम (विद्युत लाइन कार्मिक) को सम्मानित किये जाने के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 मार्च को पावर हाउस कैंपस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स लाईन कार्मिकों एवं परीक्षण सहायकों का सम्मान किया जाएगा। अधीक्षण यंत्री श्री चंद्रा ने बताया कि लाइनमैन दिवस 4 मार्च को लाईन कार्मिकों को कंपनी द्वारा तैयार सुरक्षा शपथ दिलाई जाएगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईनमेनों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

लग्जरी कार्यालयों अधिकारी, आम नागरिकों के लिए नहीं कोई व्यवस्था

पन्ना,देशबन्धु। जिला पंचायत कार्यालय प्रांगण पन्ना के हाल पूरी तरह से बेहाल देखे जा रहे हैं। यहां अधिकारी तो लग्जरी कार्यालयों में बैठते हैं लेकिन छोटे कर्मचारियों और आम नागरिकों को

गंदगी और अव्यवस्था के बीच बैठने को मजबूर होना प? रहा है। इसी प्रकार अधिकारियों के लिए तो आरओ वॉटर की व्यवस्था है लेकिन छोटे कर्मचारी और आम नागरिकों को अपनी प्यास बुझाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, यहां सफाई भी शायद महीने में एक दो बार होती हो वह भी सफाई के नाम पर कचरे के ढेर में आग लगा दी जाती है, शायद इसी वजह से पिछले दोनों आग भी लग चुकी है। आम नागरिकों के पेयजल व्यवस्था हेतु एनएमडीसी द्वारा सीएसआर मद से सा? चार लाख का आरओ वाटर प्लांट लगवाया गया था लेकिन वह आज तक चालू नहीं हुआ, सार्वजनिक शौचालय या प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने से लोग कार्यालयों के पीछे लघुशंका के लिए जाने को मजबूर होते हैं। दिव्यांगों के लिए प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया गया था लेकिन 2 साल बीतने के बाद भी लोकार्पण नहीं हुआ, जिला पंचायत कार्यालय प्रांगण में जिला पंचायत कार्यालय के अलावा शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, आजीविका मिशन कार्यालय, खादी ग्रामोद्योग, जन अभियान परिषद, लाइब्रेरी सहित कई अन्य कार्यालय संचालित हैं, सभी कार्यालय में केवल अधिकारियों के लिए लग्जरी सुविधाएं मौजूद हैं।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आग से बचाव की पहल, ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

बांधवगढ़, देशबन्धु। टाइगर रिजर्व में जंगल को आग से सुरक्षित रखने के लिए अब अधिकारी खुद ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे वन और वन्यजीवों दोनों को खतरा होता है। इसे रोकने के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने ग्रामीणों को सतर्क करने की पहल की है।

ग्रामीणों को दी जा रही समझाइश

टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में रहने वाले लोग अक्सर महुआ बीनने के दौरान पेड़ों के नीचे आग जलाते हैं, जिससे जंगल में आग फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसी को रोकने के लिए वन विभाग के अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों को समझाइश दे रहे हैं कि आग जलाने के बाद उसे पूरी तरह बुझाकर ही वहां से जाएं। साथ ही, जंगल के आसपास कहीं भी आग लगने की सूचना मिलने पर तुरंत नजदीकी वन अधिकारी या उच्च अधिकारियों को जानकारी देने की अपील की जा रही है।

अधिकारियों की पहल, ग्रामीणों को दिलाई शपथ

ताला परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पा सिंह खुद ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें जंगल में आग के खतरों के बारे में जानकारी दे रही हैं। उन्होंने ग्राम घघौड़, महामन, गोहड़ी और ताला में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें आग न लगाने की शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों को अपना और अपने स्टाफ का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना मिल सके।

रात में गांव पहुंचकर कर रहे संवाद

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से जुड़े गांवों के लोग सुबह मजदूरी के लिए निकल जाते हैं और देर शाम घर लौटते हैं। इसी को देखते हुए टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारी और ताला परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पा सिंह रात में गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ संवाद कर रहे हैं। वे उन्हें जंगल में आग के नुकसान के बारे में विस्तार से समझा रहे हैं और सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं।

गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगने की घटनाएं आम हो जाती हैं, जिससे वन्यजीवों का जीवन संकट में आ जाता है। ऐसे में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की यह पहल जंगल और वन्यजीवों को सुरक्षित रखने में कारगर साबित हो सकती है।

एसडीएम के कार्यों की हो रही प्रशंसा , ब्योहारी में स्थायी रुप से पदस्थ किये जाने कलेक्टर से अपील

ब्योहारी, देशबन्धु। जब से अनुविभागीय अधिकारी ब्योहारी का प्रभार नारेन्द्र सिंह धुर्वे को मिला हैं तभी से मानो प्रशासनिक कार्यों का पहिया थम सा गया है। ब्योहारी क्षेत्र मे अवैध उतखन्नकर्ता, भू माफियाओ सहित अन्य अवैध करोबारियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही न हो पाने से उनके हौसले बुलंद हैं। शासकीय तलाब को भूमाफियाओ द्वारा अवैध रुप से पाट कर प्लाटिंग करते हुए बिक्री की जा रही है। खनिज पत्थर के अवैध उतखन्न की वसूली जैसे फाइल कई सालो से ऑफिस मे दम तोड़ रही है यह तो मात्र वांनगी बतायी जा रही हैं किन्तु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नारेन्द्र सिंह धुर्वे के अवकाश मे जाने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का प्रभार कलेक्टर शहडोल द्वारा सौम्या आनंद को दिया गया और उनके द्वारा प्रभार दिनांक से ही जिस तरह से अवैध कार्यों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही हैं उससे अवैध करोबारियों और भूमाफियाओ मे हड़कम्प सा मच गया हैं। उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की लोग सराहना कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ब्योहारी मे ऐसे ही अनुविभागीय अधिकारी की जरूरत है जिससे ब्योहारी के हालात मे सुधार हो सके। उनके द्वारा लोगों की समस्या को सुन गंभीरता से लेते हुए निर्णय ले उसका निराकरण किया जा रहा है जिसकी चारो ओर प्रशंसा की जा रही हैं। जिस तरह से अवैध करोबारियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है उससे लोगों मे एक उम्मीद सी जग गयी है और कहने लगे हैं कि बहोत दिनों के बाद एक अच्छा अधिकारी ब्योहारी को मिला है जो निष्पक्ष कार्यवाही कर रहा है। लोगों द्वारा कलेक्टर शहडोल से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद मे सौम्या आनंद को स्थाई रुप से ब्योहारी मे पदस्थ किये जाने की मांग की जा रही है, अब देखना यह है कि कलेक्टर महोदय इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं और जनहित मे क्या कार्यवाही करते हैं।

शहरगढ़ में जंगली हाथियों का मूवमेंट, वन विभाग की निगरानी, रेलवे व बिजली विभाग के अधिकारी भी मुस्तैद

ब्यौहारी, देशबन्धु। क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों का झुंड पहुंचकर खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग इन हाथियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। जिस इलाके में हाथियों की गतिविधि देखी जाती है, वहां सुरक्षा के तहत बिजली आपूर्ति भी रोक दी जाती है, ताकि हाथियों को किसी तरह का खतरा न हो। पिछले महीने सतना जिले में करंट लगने से एक बेबी एलीफेंट की मौत हो गई थी, जिसके बाद वन विभाग ने अतिरिक्त सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। फिलहाल, ब्यौहारी क्षेत्र में 15 हाथियों का झुंड सक्रिय है और स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

बांधवगढ़ से लौटे हाथियों का नया ठिकाना बना ब्यौहारी-ब्यौहारी के गढ़ गांव और आसपास के इलाकों में लगभग 15 हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। ये हाथी पिछले साल संजय गांधी टाइगर रिजर्व से भटककर यहां पहुंचे थे और बाद में बांधवगढ़ की ओर चले गए थे। लेकिन अब मार्च की शुरुआत में ये फिर से ब्यौहारी के आसपास के गांवों में आ गए हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम लगातार इन हाथियों की निगरानी कर रही है। हाथियों के कारण ग्रामीणों को जान-माल के खतरे के साथ-साथ बिजली संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। हाथियों के गांवों की ओर बढ़ते ही संबंधित क्षेत्र के फीडर से बिजली आपूर्ति रोक दी जाती है, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। जब तक हाथी उस क्षेत्र से नहीं निकल जाते, तब तक बिजली बहाल नहीं की जाती, जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में रातें गुजारनी पड़ रही हैं। इसे लेकर लोगों में नाराजगी भी है।

रेलवे भी अलर्ट, ट्रेनों की गति की जाती है धीमी-हाथियों की निगरानी को लेकर वन विभाग पूरी तरह सतर्क है, क्योंकि क्षेत्र से रेलवे लाइन भी गुजरती है।

इस कारण रेलवे अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखा जाता है। जरूरत पड़ने पर स्टेशन मास्टर को सूचना दी जाती है और ट्रेनों की गति धीमी करवाई जाती है, ताकि हाथियों के साथ कोई दुर्घटना न हो।

वन विभाग ने बनाया वॉट्सऐप ग्रुप, सभी विभागों की समन्वित निगरानी-इस स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग ने बिजली और रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया है। उत्तर वन मंडल ब्यौहारी के एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने बताया, जिस क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट रहता है, वहां बिजली विभाग फीडर की लाइट बंद कर देता है, ताकि हाथियों को सुरक्षित निकाला जा सके। रेलवे विभाग से भी सहयोग लिया जाता है और जरूरत पड़ने पर ट्रेनों की रफ्तार कम करवाई जाती है। हमारी टीम लगातार निगरानी कर रही है और स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए है।

ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि-वन विभाग और प्रशासन की सतर्कता के बावजूद ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। वन विभाग का कहना है कि हाथियों को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें सुरक्षित जंगल की ओर लौटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

धरमपुर थाना में देर रात जन्मदिन पार्टी का वीडियो वायरल

पन्ना,देशबन्धु। जिले के धरमपुर थाना प्रभारी बलबीर सिंह के जन्मदिवस पर देर रात डांस आदि के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस थोटा के द्वारा संबंधित पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर अजयगढ़ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया को जांच के निर्देश दिए गए हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं जिसमें थाना प्रांगण में जन्मदिन पार्टी के दौरान पुलिस कर्मियों व कुछ अन्य लोगों के द्वारा नृत्य किया जा रहा है। कुछ लोग अर्धनग्न देखे जा रहे हैं, हलाकि कुछ लोगों के द्वारा कहा जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान व्यस्तता के बीच रात्रि में फुरसत के समय अगर कुछ समय निकाल कर स्टाफ से साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कर ली तो कौन सा गुनाह कर दिया, वहीं अर्धनग्न स्थिति में नृत्य करने वालों के लिए कहा जा रहा है कि गर्मियां शुरु हो चुकी हैं।